दैनिक भारत कि
# तामीर
संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com
Editor in chief- Qazi makhdoom shafiuddin

बीड (महाराष्ट्र) | वर्ष-१ ला | अंक-२९६ वा | मंगळवार २७ मे २०२५ | RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 | किमत : २ रूपये | पन्ने - ४

## मानसून से पहले ही मुंबई बेहाल: मूसलधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त किया

### लोकल, मेट्रो, सड़कें ठप ; अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन जलमग्न

मुंबई / रिपोर्ट: जमीर काज़ी

मानसून के आगमन में अभी समय बाकी है, लेकिन सोमवार तड़के से शुरू हुई भीषण बारिश ने मुंबई सहित राज्य के कई हिस्सों को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। मुंबई में तेज़ हवाओं और मूसलधार बारिश के चलते दक्षिण मुंबई, पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में कई स्थानों और रेलवे पटरियों पर पानी भर गया। मंत्रालय के आकाशवाणी गेट, दादर, सायन, अंधेरी सबवे, भायखला समेत कई क्षेत्रों में सड़कें जलाशयों में तब्दील हो गईं, जिससे बीएमसी द्वारा बड़े दावे के साथ की गई नालेसफाई की पोल खुल गई।

लोकल ट्रेनों, सड़क परिवहन और मेट्रो सेवाओं पर भी बारिश का व्यापक असर पड़ा, जिसे मुंबई की लाइफलाइन' कहा जाता है। अंडरग्राउंड मेट्रो-३ में पानी भरने से निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठे हैं।





मुंबई के अलावा ठाणे, पालघर, रायगढ़, पुणे, सोलापुर, कोल्हापुर, सतारा, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों में भी बारिश ने कहर बरपाया। कई स्थानों पर घरों और पेड़ों के गिरने से जान-माल का भारी नुकसान हुआ। कुछ इलाकों में जनहानि की भी सूचना है। बारिश की लगातार धार सुबह ६ बजे से दोपहर ढाई बजे तक जारी रही, जिसके बाद थोड़ी राहत मिली, लेकिन रात तक लोकल ट्रेनें १५-२० मिनट की देरी से चल रही थीं और सड़क यातायात भी बुरी तरह प्रभावित रहा।

मौसम विभाग ने सोमवार को मुंबई, ठाणे और रायगढ़ के लिए येलो अलर्ट जारी किया था, जिसे बाद में अपडेट कर रेड अलर्ट में बदल दिया गया। मुंबई में पिछले २४ घंटे में औसतन १३४ मिमी वर्षा दर्ज की गई।

भारी बारिश में अंडरग्राउंड मेट्रो-३ जलमग्न, आचार्य अत्रे चौक स्टेशन बंद

वरळी स्थित आचार्य अत्रे मेट्रो स्टेशन पर पानी भर गया, जिसके कारण स्टेशन और मेट्रो सेवा पूरी तरह बंद करनी पड़ी। वरळी से मरोळ तक हाल ही में शुरू हुई मेट्रो-३ (एक्वा लाइन) की यह दुर्दशा पहले ही बारिश में सामने आ गई है।

स्टेशन की छत से पानी की धारें टपकती रहीं, जिससे पूरा स्टेशन जलमग्न हो गया। यात्रियों को पानी से होकर बाहर निकलना पड़ा, और सुरक्षा उपकरण, चेकिंग पॉइंट, एस्केलेटर सहित लाखों की संपत्ति को नुकसान हुआ है।

मीडिया कवरेज से बचने के लिए मेट्रो प्रशासन ने पत्रकारों को स्टेशन से बाहर निकाल दिया, जिससे मीडिया कर्मियों में रोष व्याप्त हुआ। बाद में मेट्रो प्रशासन ने सफाई दी कि अति-वृष्टि के कारण स्टेशन के पास की एक रक्षक दीवार गिर गई, जिससे पानी अंदर घुसा। उन्होंने यह भी कहा कि स्टेशन का कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है और जिस मार्ग से पानी आया, वह यात्रियों के उपयोग में नहीं था।

इस घटना ने मेट्रो-३ के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लाखों के उपकरण अब निकामी या कबाड़ लायक हो गए हैं, जो प्रशासन की लापरवाही का खुला प्रमाण है।

## भीषण सड़क हादसे में माजलगांव के पूर्व विधायक आर. टी. देशमुख का निधन

### तुलजापुर-लातूर मार्ग पर दुर्घटना, उपचार के दौरान ली अंतिम सांस



बीड / प्रतिनिधि

माजलगांव के पूर्व विधायक आर. टी. देशमुख का एक भीषण सड़क दुर्घटना में निधन हो गया है। यह हादसा सोमवार दोपहर तुलजापुर-लातूर मार्ग पर हुआ जब वे सोलापुर से माजलगांव लौट रहे थे।



जानकारी के अनुसार, बारिश के कारण सड़क फिसलन भरी और गीली हो गई थी, जिसके चलते उनकी फॉर्च्यूनर कार का नियंत्रण बिगड़ गया और वाहन बेलकुंड के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर डिवाइडर से जा टकराया।

गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें तुरंत लातूर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

पूर्व विधायक आर. टी. देशमुख अपने निजी वाहन से यात्रा कर रहे थे और दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और उनके परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई।

राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए जिले में यह घटना अत्यंत दुखद मानी जा रही है।

## मानसून से पहले बीड शहर में सफाई अभियान शुरू

### डॉ. योगेश क्षीरसागर के नेतृत्व में नगर परिषद को सौंपा गया मांगपत्र, प्रशासन ने तत्काळ शुरू की कार्रवाई



बीड / प्रतिनिधि

दिनांक २६ मई: आगामी पावसाल के मद्देनज़र बीड शहर में स्वच्छता और स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से राष्ट्रवादी कांग्रेस के युवा नेता डॉ. योगेश क्षीरसागर ने सक्रिय पहल की। उनके नेतृत्व में पूर्व नगरसेवकों के शिष्टमंडल ने बीड नगर परिषद की मुख्याधिकारी नीता अंधारे से मुलाकात कर शहर में मानसून पूर्व स्वच्छता अभियान तेज़ी से चलाने की मांग की। इस मांग पर तुरंत संज्ञान लेते हुए नगर परिषद प्रशासन ने सोमवार, दिनांक २६ मई से शहर में स्वच्छता अभियान की शुरुआत कर दी है।

इस अभियान के तहत नालियों की सफाई, सड़कों की सफाई, कचरे का निपटान, जलभराव की समस्या और मच्छरजन्य रोगों की रोकथाम जैसे विभिन्न पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पहले ही दिन डॉ. योगेश क्षीरसागर स्वयं स्वच्छता अभियान की निगरानी के लिए उपस्थित रहे। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से संवाद कर कार्यो की समीक्षा की और कार्यप्रणाली की दिशा निर्देशित की। इस अवसर पर नगर परिषद की मुख्याधिकारी नीता अंधारे, स्वच्छता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, विभिन्न वार्डों के पूर्व नगरसेवक तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

शहरवासियों का सहयोग अत्यंत आवश्यक - डॉ. योगेश क्षीरसागर

डॉ. क्षीरसागर ने कहा कि इस स्वच्छता अभियान से पावसाल में फैलने वाली बीमारियों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी और शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के लिए नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। नियमित निगरानी और समीक्षा का आश्वासन अभियान की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए सभी वार्डों में कार्यो की नियमित समीक्षा की जाएगी। प्रत्येक कार्य समयसीमा में पूरा हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। नागरिकों से सुझाव और सहभागिता की अपेक्षा भी व्यक्त की गई है ताकि अभियान और भी प्रभावी बनाया जा सके।

## विजिट वीज़ा पर हज करना अवैध: सऊदी हज मंत्रालय ने जारी की चेतावनी

### पवित्र स्थलों तक पहुंच की कोशिश पर होगी कानूनी कार्रवाई, सऊदी अरब से निष्कासन का भी खतरा

जेद्दाह / प्रतिनिधि

सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि विजिट वीज़ा पर आने वाले यात्रियों को हज करने की अनुमति नहीं है। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि विजिट वीज़ा का उपयोग पवित्र स्थलों तक पहुँचने के लिए करना एक गंभीर कानूनी और नियामक उल्लंघन माना जाएगा, और ऐसा करने वालों को सऊदी अरब से निष्कासित किया जा सकता है।

हज मंत्रालय ने ज़ोर देते हुए कहा है कि विजिट वीज़ा का उपयोग केवल पारिवारिक, व्यापारिक या पर्यटन उद्देश्यों के लिए होता है, और इसे हज जैसे धार्मिक कर्तव्यों के लिए प्रयोग में लाना पूरी तरह से प्रतिबंधित और अवैध है। मंत्रालय ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे सऊदी नियमों और हज नीतियों का पूरी तरह से पालन करें, ताकि किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही या आर्थिक दंड से बचा जा सके।

यह चेतावनी विशेष रूप से उन विदेशी नागरिकों के लिए जारी की गई है जो रमज़ान और हज सीज़न के दौरान विजिट वीज़ा पर सऊदी अरब पहुंचते हैं और बाद में हज करने की कोशिश करते हैं।

सूत्र: सऊदी हज और उमरा मंत्रालय - आधिकारिक सोशल मीडिया चैनल और मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति (मई २०२५)।

## अयान जलील शेख की NPTEL परीक्षा में स्वर्ण सफलता, टॉप १% टॉपर्स में नाम दर्ज

### बीड जिले के लिए गौरव का क्षण, आईआईटी कानपुर द्वारा संचालित कोर्स में ९१% अंक प्राप्त कर स्वर्ण प्रमाणपत्र अर्जित

बीड / संवाददाता

बीड शहर के निवासी अयान जलील शेख ने कंप्यूटर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने खखढ कानपुर द्वारा संचालित छझढएङ कोर्स एपहरपलळपस डेषीं डज्ञळश्रश्री रपव झर्शीीपरश्रळीूं में ९१% अंक प्राप्त कर स्वर्ण प्रमाणपत्र अर्जित किया है। खास बात यह है कि अयान ने देशभर के हजारों विद्यार्थियों में टॉप १% टॉपर्स में स्थान प्राप्त किया है, जिससे बीड जिले के शिरपेच में मान का तुरा लगा है।



अयान शेख के पिता जलील शेख महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी (महावितरण) में ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत हैं। अयान ने इस सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि आज के तकनीकी युग में सॉफ्ट स्किल्स भी तकनीकी कौशल के समान ही महत्वपूर्ण हैं। प्रभावी संवाद, सहयोग की भावना और भावनात्मक समझदारी जैसे गुण मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं और कार्यक्षमता को भी बढ़ाते हैं।

उन्होंने अपने इस सफर में माता-पिता और शिक्षकों की अहम भूमिका को रेखांकित किया। खासतौर पर बीड शहर के जुना बाजार स्थित नॅशनल उर्दू माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य सिद्दिकी नवीन का नाम लिया, जिनसे उन्हें दसवीं कक्षा से ही लगातार मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है।

प्राचार्य सिद्दिकी नवीन ने भी अयान शेख को उनके इस असाधारण प्रदर्शन पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अयान ने बीड जिले, अपने माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन किया है, और भविष्य में भी उन्हें पूरे भारत में जिले का नाम और गौरव बढ़ाना चाहिए। इसके साथ ही अयान की इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राध्यापकों और सहपाठियों ने भी उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## हैदराबाद के नीलोफर अस्पताल ने भारत का पहला एआई-आधारित, बिना सुई वाला रक्त परीक्षण उपकरण लॉन्च किया

हैदराबाद

( खलील फरहाद कि रिपोर्ट )

हैदराबाद स्थित नीलोफर अस्पताल ने 'अमृत स्वस्थ भारत' नामक एक एआई-आधारित, गैर-आक्रामक रक्त परीक्षण उपकरण लॉन्च किया है, जो बिना सुई या रक्त के नमूने के मात्र २० से ६० सेकंड में स्वास्थ्य परिणाम प्रदान करता है। यह भारत में अपनी तरह की पहली तकनीक है, जिसे हेल्थ-टेक स्टार्टअप क्विक वाइटल्स द्वारा विकसित किया गया है।

मुख्य विशेषताएं:

यह उपकरण स्मार्टफोन या टैबलेट के कैमरे का उपयोग करके रक्तचाप, ऑक्सीजन संतृप्ति (डजि२), हृदय गति, श्वसन दर, हेमोग्लोबिन -१ल, तनाव स्तर, और अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मापदंडों का मूल्यांकन करता है।

फोटोप्लिथिस्मोग्राफी (झझऋ) तकनीक के माध्यम से यह उपकरण त्वचा के माध्यम से प्रकाश अवशोषण में होने वाले परिवर्तनों का विश्लेषण करता है, जिससे रक्त की मात्रा में बदलाव का पता चलता है।

यह उपकरण संपर्क रहित जांच के लिए कैमरा-आधारित डिवाइसों का समर्थन करता है और निरंतर निगरानी के लिए संपर्क-आधारित झझऋ सेंसर का उपयोग करता है।

उपकरण डेटा सुरक्षा और गोपनीयता पर विशेष ध्यान देता है, जिससे कई उपयोगकर्ताओं का पंजीकरण संभव है और मरीज की जानकारी केवल अधिकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ साझा की जाती है।

लाभ:

यह तकनीक विशेष रूप से बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए लाभकारी है, क्योंकि यह नियमित और सुलभ स्वास्थ्य मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करती है।


ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, जहां प्रयोगशाला सुविधाओं की पहुंच सीमित है, यह उपकरण बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य जांच में सहायक हो सकता है।

यह उपकरण स्वास्थ्य निगरानी को सेल्फी लेने जितना सरल बना देता है, जिससे स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच में सुधार होता है।

भविष्य की योजनाएं:

नीलोफर अस्पताल में सफल लॉन्च के बाद, इस तकनीक को महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में भी लागू करने की योजना है, जिससे पूरे भारत में एआई-आधारित निदान की पहुंच बढ़ाई जा सके।

यह पहल भारत में स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो निदान की प्रक्रिया को तेज, सुलभ और कम आक्रामक बनाता है।



## उर्दू दैनिक तामीर के २५ वे साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

# खुद को विजनरी और इन्फ्रा मैन कहने वाले आज कहां गायब हैं?-आदित्य ठाकरे का भाजपा पर तीखा प्रहार


## भारी बारिश से बेहाल मुंबई की स्थिति पर उद्धव गुट के नेता ने उठाए सवाल, मेट्रो से लेकर नालेसफाई तक पर कसा तंज

मुंबई / रिपोर्ट: जमीर काज़ी

मुंबई में सोमवार को हुई मूसलधार बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई निचले इलाकों में पानी भर गया, लोकल और सड़क यातायात प्रभावित हुआ। इस स्थिति पर उद्धव ठाकरे गुट के नेता और विधायक आदित्य ठाकरे ने भाजपा और बीएमसी प्रशासन पर जमकर निशाना साधा।

खुद को विजनरी, इन्फ्रा मैन कहने वाले आज कहां गायब हैं? यह सवाल उठाते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा, जो पैसा खाया गया है, वह पूर्व नगरसेवकों और पदाधिकारियों को तोड़ने में इस्तेमाल हो रहा है। आज मुंबईकर जो परेशानी झेल रहे हैं, वो इसी भ्रष्टाचार की देन है।

उन्होंने आगे कहा, यह मुंबई की पहली बारिश नहीं है। मई के पहले सप्ताह में ही बारिश हुई थी, और साकीनाका की स्थिति हम सबने देखी। पिछले हफ्ते हल्की रिमझिम बारिश में अंधेरी सबवे पानी से भर गया था। आज तो तीसरी-चौथी बार की बारिश में ही शहर पानी में डूब गया है।



नालेसफाई और मानसून पूर्व तैयारी पर सवाल उठाते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा कि पिछले दो महीने से नालेसफाई ढंग से नहीं की गई और बीएमसी ने मानसून पूर्व कोई बैठक भी नहीं बुलाई। पूरे सिस्टम की पोल खुल चुकी है।

मेट्रो-३ को लेकर भी तीखी टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा, दो हफ्ते पहले मेट्रो-३ का उद्घाटन हुआ था, लेकिन आज वहां अंदर जाने नहीं दे रहे। स्थिति इमरजेंसी जैसी बन गई है। इससे साफ है कि मेट्रो इस्तेमाल करने वाले यात्रियों के लिए खतरा कितना बड़ा है।

हिंदमाता क्षेत्र को लेकर आदित्य ठाकरे ने याद दिलाया कि वर्ष २०२२ में शिवसेना ने वहां बाढ़ नियंत्रण योजना लागू की थी, जिससे वह क्षेत्र पूरमुक्त घोषित हुआ था। लेकिन आज फिर वहां पानी जमा हो गया है, जो दर्शाता है कि भाजपा की सरकार की योजनाएं फेल हो रही हैं।

आदित्य ठाकरे ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा, केंद्र और राज्य में भाजपा को १० साल से सत्ता प्राप्त है। फिर भी मुंबई की हर जिम्मेदारी मुख्यमंत्री कार्यालय और नगरविकास विभाग से संचालित होती है, जो पूरी तरह निकम्मे और भ्रष्ट साबित हो रहे हैं। अब मुंबईकर भाजपा पर भरोसा नहीं कर सकते।

# जालना जिला कबड्डी संघ की चयन प्रतियोगिता बदनापुर में सफलतापूर्वक संपन्न

## ६ से १० जून को पुणे में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन प्रक्रिया पूर्ण

बदनापुर / संवाददाता

भारतीय हौशी कबड्डी महासंघ के निर्देशानुसार जालना जिला कबड्डी एसोसिएशन द्वारा आयोजित १८ वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाओं की राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता हेतु जिला स्तरीय चयन स्पर्धा रविवार, २५ मई २०२५ को पाथ्रीकर कैंपस, बदनापुर में आयोजित की गई।

इस चयन प्रतियोगिता का उद्घाटन एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती माधवी काळे के हाथों संपन्न हुआ। अपने उद्घाटन भाषण में माधवीताई ने खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि खेल में टीम भावना और सामूहिक प्रदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने



कहा, कबड्डी में मैं बेस्ट' नहीं, बल्कि हम बेस्ट' होना चाहिए, यही सफलता का मूलमंत्र है।

इस स्पर्धा में कुल ८ टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें जिजामाता क्रीड़ा मंडल, किनगांव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं काळोखा माता क्रीड़ा मंडल, डुकरी पिंपरी की टीम उपविजेता रही। बालिकाओं की श्रेणी में केवल जिला परिषद क्रीड़ा प्रबोधिनी, जालना की टीम ने भाग लिया, इसलिए उसे विजेता घोषित किया गया।

इस अवसर पर खेलो इंडिया राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी वीरेंद्र मंडलिक का एसोसिएशन की ओर से सम्मान किया गया।

चयन समिति में राष्ट्रीय खिलाड़ी रवींद्र ढगे, दिनेश वाघ, बाबासाहेब मंडळे, संजय येळवंते ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं पंचों के रूप में हरी वाडेकर, अजय काळवणे, कृष्णा जाधव, गणेश ढगे, विठ्ठल दिवटे, और रोहिणी बिनीवाले ने योगदान दिया।

विजेता टीम में अनिल गायकवाड, ज्ञानेश्वर चव्हाण, राजेंद्र बोंबले, दुर्गेश गायकवाड, हरी ओम गायकवाड, वीरेंद्र मंडलिक, और दिनेश शिंदे शामिल थे। टीम के प्रशिक्षक रोहित बिन्नीवाले और अजय काळवणे रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुनील जायभाये ने की तथा प्रमुख अतिथि के रूप में प्रा. सोपानराव तेलगड उपस्थित रहे। मंच संचालन संजय येळवंते ने किया और आभार प्रदर्शन प्रा. डॉ. रामदास निहाळ ने किया।

इस चयन स्पर्धा को सफल बनाने के लिए राहुल वाहुळे, बाबासाहेब मंडळे, रवींद्र ढगे, गणेश ढगे, परमेश्वर जाधव, सुनील रोडे, कृष्णा जाधव, दिनेश वाघ, विठ्ठल दिवटे, और सुंदर थोरात ने अथक प्रयास किए।

# जिंतूर नगर परिषद के अब्दुल कलाम व्यापारी संकुल के नाम फलक दुरुस्ती करने की शोएब सिद्दीकी की मांग

## न.प.मुख्याधिकारी को दिया निवेदन

जिंतूर (एम एजाज जिंतूरकर) नगर परिषद के मालकी के अब्दुल कलाम व्यापारी संकुल का डिजिटल नाम फलक गत एक वर्ष से टुटा पड़ा है! इस ओर नगर परिषद प्रशासन का ध्यान हैं! किसी आजी माजी भावी हवशे गवशे इच्छुक नगरसेवको का ध्यान हैं! इस निवेदन से पहले भी कई बार नाम फलक दुरुस्ती करने की मांग की गई! मगर नगर परिषद प्रशासन की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है! उच्च शिक्षीत ॲड शोएब सिद्दीकी इस बार निवेदन देकर ये मांग की हैं! के नगर परिषद प्रशासन ने अगर निवेदन की दखल नहीं ली तो लोकशाही मार्ग से जन आंदोलन किया जाएगा! अब देखना है! के कुंभकर्ण की निंद में सोई




हुई! नगर परिषद प्रशासन कितनी तात्परता दिखाती है! अब्दुल कलाम व्यापारी संकुल नाम फलक दुरुस्ती करने में!

# डॉ. अब्दुलगफार मलिक की पुण्यतिथि पर सफल ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन, ४०० यूनिट रक्त संकलित

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में डॉ. अब्दुलगफार मलिक फाउंडेशन द्वारा आयोजित शिविर में महिलाओं की भागीदारी सराहनीय




जलगांव / रिपोर्ट : सईद पटेल

डॉ. अब्दुलगफार मलिक फाउंडेशन, जलगांव द्वारा रविवार, २५ मई २०२५ को ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और डॉ. अब्दुलगफार मलिक (मरहूम) की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस रक्तदान शिविर में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जलगांव, सिविल ब्लड बैंक जलगांव और रेड प्लस ब्लड बैंक जलगांव की टीमें आमंत्रित की गई थीं। उनके प्रशिक्षित स्टाफ ने शिविर में पूरी तत्परता से सहयोग किया। इस अवसर पर कुल ४०० यूनिट रक्त संकलित किया गया, जिसमें ५० महिलाएं भी शामिल थीं।

डॉ. अब्दुलगफार मलिक फाउंडेशन अपनी सामाजिक और जनकल्याणकारी गतिविधियों के लिए जाना जाता है। बड़ी संख्या में युवा इस संस्था से जुड़े हुए हैं। इस अवसर पर एजाज़ अब्दुलगफार मलिक ने कहा कि, ऐसे रक्तदान शिविरों का आयोजन बेहद आवश्यक है, क्योंकि आपातकालीन स्थितियों में रक्त मानव जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाता है। हमारा उद्देश्य लोगों को इस दिशा में प्रेरित करना है, और इसी उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। कार्यक्रम में विधायक चंद्रकांत सोनवणे ने उपस्थित होकर संस्था के सामाजिक कार्यो की सराहना की। उनके साथ प्रमुख अतिथियों में प्रसिद्ध वकील उज्ज्वल निकम, पूर्व मंत्री गुलाबराव देवकर, पूर्व महापौर नितीन लड्ढा, अब्दुलकरीम सालार, मुफ्ती हारून नदवी, फारूक शेख, अशोकभाई लाडोंजारी, राष्ट्रवादी कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद पाटिल, ललित भाऊ कोल्हे, यूसुफभाई मकरा, मेडिकल कॉलेज के बी.डी. तिवारी, जफरभाई पेंच समेत शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

फाउंडेशन के प्रतिनिधि नदीम मलिक ने कहा कि संस्था सदैव लोगों की भलाई के लिए कार्यरत रही है और आगे भी ऐसे प्रयास करती रहेगी। उन्होंने इस बात पर भी प्रसन्नता जताई कि शिविर में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर रक्तदान किया, जो एक प्रेरणादायक पहल है।

कार्यक्रम का संचालन साबिर सर और मोहेसिन अयाज ने सफलतापूर्वक किया।

# महायुति सरकार ने पहली ही बारिश में डुबोई मुंबई, नालों की सफाई के करोड़ों रुपये गए किसकी जेब में?

## हर्षवर्धन सपकाळ का भाजपा-शिंदे सेना पर गंभीर आरोप

मुंबई / रिपोर्ट: जमीर काज़ी

पहली ही तेज़ बारिश में मुंबई के हालात बदतर हो गए और सड़कें, रेलवे ट्रैक और अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन पानी में डूब गए। इस स्थिति ने राज्य सरकार और महानगरपालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ ने कहा कि बीएमसी हर साल नालेसफाई और मानसून पूर्व तैयारी के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करती है, फिर भी हर बार शहर का यही हाल होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पैसा कंट्रैक्टर्स और सत्ताधारियों की जेबों में जा रहा है, और भ्रष्टाचार की गटरगंगा मुंबई की सड़कों पर बह रही है।

हर्षवर्धन सपकाळ ने भाजपा-शिंदे सेना और अजित पवार गुट की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ही बारिश ने इनकी कर्तव्यहीनता और भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि आने वाले चुनावों में इन नेताओं को वोट मांगने के लिए नाव लेकर जनता के दरवाजे तक जाना पड़ेगा।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब बीएमसी हर साल मानसून पूर्व करोड़ों खर्च करती है तो फिर बारिश के आते ही मुंबई जलमग्न क्यों हो जाती है? क्या यह भ्रष्टाचार का सीधा प्रमाण नहीं है? उन्होंने कहा कि मंत्रालय, महानगरपालिका और ठेकेदारों की मिलीभगत ने मुंबईकरों की जिंदगी को संकट में डाल दिया है।

बीएमसी ने वर्ष २०२५-२६ के लिए ७४,४२७ करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया है, जो २०२४-२५ की तुलना में १४.१९% अधिक है। यह बजट बीएमसी के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा है। इसमें सड़क और यातायात विभाग के लिए ५,१०० करोड़ तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए ५,५४५ करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

वर्ष २०२४ में नालेसफाई पर २४९.२७ करोड़ रुपये, जबकि २०२५ में नालेसफाई और मिठी नदी से गाद निकालने पर ३९५ करोड़ रुपये खर्च किए गए। इसके लिए ३१ ठेकेदारों को काम सौंपा गया, फिर भी मुंबई की नालों की सफाई अधूरी है। सपकाळ ने आरोप लगाया कि यह नालेसफाई नहीं, बल्कि हाथसफाई है, और मुंबईकरों के कर के पैसे को लूटने का सुनियोजित प्रयास है।

उन्होंने कहा कि यह भ्रष्ट तंत्र जब तक समाप्त नहीं किया जाता, तब तक हर साल मुंबईवासी इसी तरह जलभराव, बीमारियों और असुविधाओं का सामना करते रहेंगे।

# जिला वक्फ कार्यालय के सामने आंबेडकरी विचार मोर्चा का जोरदार प्रदर्शन

## भूमाफियाओं ने कब्रिस्तान की जमीन भी नहीं छोड़ी-सय्यद सलीम बाबू

बीड / संवाददाता

वक्फ मंडल के अंतर्गत देवस्थान इनामी जमीनों की खुलेआम हो रही अवैध खरीद-फरोख्त को तत्काल रोकने की मांग को लेकर आज बीड जिले के वक्फ मंडल कार्यालय के सामने आंबेडकरी विचार मोर्चा और आंबेडकरी रिपब्लिकन मोर्चा की ओर से जोरदार प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन का नेतृत्व मराठवाड़ा अध्यक्ष सय्यद सलीम बाबू के मार्गदर्शन में तथा बीड जिलाध्यक्ष एड. ए.एन. सय्यद के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि बीड जिले में वक्फ कार्यालय की करीब ३० हजार एकड़ इनामी जमीन है, लेकिन इसका जनहित में कोई समुचित उपयोग नहीं किया गया। भूमाफियाओं ने कब्रिस्तान की जमीनों तक पर कब्जा कर बहुमंजिला इमारतें खड़ी कर दी हैं, और वक्फ कार्यालय मूकदर्शक बना हुआ है।

सय्यद सलीम बाबू ने आंदोलनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बीड जिले में वक्फ कार्यालय के अधीन आने वाली इनामी जमीनों की बड़े पैमाने पर स्थानीय नेताओं और भूमाफियाओं की मिलीभगत से खुलेआम खरीद-बिक्री की जा रही है। साथ ही, इन




मामलों को लेकर आंबेडकरी विचार मोर्चा द्वारा जिले के प्रत्येक तालुका से कुल १२ आवेदन वक्फ अधिकारी को सौंपे जा चुके हैं। बावजूद इसके, आज तक किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वक्फ अधिकारी खुद इस अवैध लेनदेन में शामिल हैं। प्रदर्शन के दौरान यह भी मांग की गई कि जिला वक्फ अधिकारी को चाहिए कि वे अपने पद का दुरुपयोग न करें और मनमानी रोकें। साथ ही, यह जानकारी सार्वजनिक की जाए कि १९६० से २०२५ तक कितनी इनामी जमीन खालसा की गई, कितनी जमीन खिदमत मशा है, कितनी जमीन मदद मशा है, कितनी जमीन की विरासत पूरी हुई है, कितनी अभी बाकी है, कितनी जमीन विवादित है, और कितनी पर कोर्ट का स्थगन आदेश (स्टे ऑर्डर) है। जिन जमीनों की विरासत नहीं हुई है, उनकी तात्कालिक लावणी निकाली जाए। प्रदर्शन के दौरान वक्फ अधिनियम १९९५ की धारा ५२ (१)(अ) के अंतर्गत दोषियों पर तुरंत कानूनी कार्रवाई करने, पंचनामा कर अवैध खरीद-फरोख्त करने वालों पर मुकदमे दर्ज करने की भी मांग की गई। इस अवसर पर सय्यद सज्जाद पट्टेदार, शेख इलियास, काशिनाथ आरगड़े, समीर सिद्दीकी, किशोर डोंगरे, इमरान शेख, सय्यद दस्तगीर समेत आंबेडकरी विचार मोर्चा और रिपब्लिकन मोर्चा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटरर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharash-tra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com